‘अप्प दीपो भव’

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2017-18
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 15.10.2017
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 20 ● अंक 22 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 1 से 15 अक्टूबर, 2017

परिसंघ के VOB News24 चैनल का लोकार्पण

30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर, 2017 को मावलंकर हॉल, कांस्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में को न्याय दिलानें में तथ्यों पर आधारित खबरों के माध्यम से सरकार और अधिकारियों को आगाह करना और में रख कर यह सम्मेलन चला। इस सम्मेलन में देश में चल रहे विभिन्न सरकारी संस्थानों के निजीकरण का

तथागत बुध्द और डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए डॉ. उदित राज के दाए ओमप्रकाश सिंघवार, सुशील कमल, दामोदर बौध्द, एस. करूपइया व सत्या नारायण तथा बाए सविता कादियान पंवार, मदनराम व तरसेम सिंह घारू

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में एस.सी., एस.टी और ओबीसी अल्पसंख्यकों की आवाज VOB NEWS 24 (वॉयस ऑफ बुद्धा) न्यूज चैनल का लोकार्पण किया गया। जिसका मकसद देश के किसी भी कोने में हो रहे अत्याचार को पूरी निष्पक्षता के साथ रखना और पीड़ित पीड़ित को न्याय दिलाने में मदद करना है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का आखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. उदित राज थे। इस कार्यक्रम में देश भर से हजारों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचे।

देश में दलितों, पिछड़ो, अल्पसंख्यकों की समस्याओं को ध्यान विरोध किया गया एंव निजी क्षेत्रों में आरक्षण व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। इन मुद्दों के साथ परिसंघ के चेयरमैन डॉ. उदित राज ने सम्मेलन में आए हजारों कार्यकर्त्ताओं को विभिन्न मुद्दों पर संबोधित किया। डॉ. उदित राज ने कहा कि मैनें पहली बार निजी क्षेत्र मे आरक्षण के लिए संसद में निजी बिल पेश किया जिसके माध्यम से मांग की जा रही है कि सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे निजीकरण के चलते दलितों को उसमें भी भागीदारी मिले। इसके साथ ही पदोन्नति और न्यायपालिका तथा सेना में आरक्षण होना चाहिए क्यों कि बाबा साहब का सपना था कि जब हम प्रगति करेंगे तब लोगों को सावधान करते हुए कहा कि आज भी देश में पूरी तरह से संविधान द्वारा प्राप्त आरक्षण पर एस.सी./एस.टी और ओबीसी के पदों को नहीं भरा जाता है जो निहायत ही हमारे साथ जुल्म हो रहा है। हम सभी लोगों को

VOB न्यूज 24 चैनल का लोकार्पण करते हुए डॉ. उदित राज

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न प्रदेशों से आए हुए प्रतिनिधिओं के साथ डॉ. उदित राज

हम शासन सत्ता की हकीकत जान सकेंगे जो हमारी समता का एक रास्ता है। वहीं न्यायपालिका में आरक्षण मिलने से समाज में हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने में सक्षम होगें, जिससे समाज के स्वाभिमान और हितों की रक्षा हो सकती है। इसके साथ खाली पड़े पदों पर एस.सी./एस.टी के लोगों को भर्ती किया जाए ताकि हमारे समाज के लोगों को तरक्की का मौका मिले।

डॉ. उदित राज ने देश के मिलकर लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे साथ कोई भी संगठन जुड़ कर इस मुहिम का हिस्सा बनकर समाज का हित करने में सहयोग कर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जो लोग यह भ्रम पाल बैठें हैं कि परिसंघ एक राजनैतिक रंग है, इस पर डॉ. उदित राज ने साफ तौर पर कहा कि परिसंघ कोई राजनैतिक दल नहीं है न ही इसे राजनैतिक रूप दिया जाए। हमारे साथ विभिन्न संगठनों के साथी जुड़े हैं। देश में लगातार हो रहे दलित

शेष पृष्ठ 4 पर

परिसंघ की 20वीं महारैली

4 दिसंबर को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की 20वीं महारैली आगामी 4 दिसंबर, 2017 (सोमवार) को प्रातः 10 बजे से रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आरक्षण सहित अन्य अनुसूचित जाति/जन जाति के अधिकारों के मुद्दों पर होना सुनिश्चित हुई है। परिसंघ के सभी पदाधिकारियों से आग्रह है कि इसकी सफलता के लिए तैयारी अभी से शुरू कर दें। शीघ्र ही इससे संबंधित प्रचार सामाग्री ‘वॉयस ऑफ बुद्धा’ सहित अन्य माध्यमों से आप लोगों तक पहुंचा दी जाएगी। रेल से यात्रा करने वाले साथी अभी से ही आरक्षण इत्यादि करवा लें। प्रदेश पदाधिकारियों से आग्रह है कि जिन प्रदेशों में अभी तक प्रदेश स्तरीय सम्मेलन नहीं हुए हैं, शीघ्र ही करा लें। जहां पर मुझे आने की जरूरत समझें, मैं स्वयं आ सकता हूं।

रैली से संबंधित खबरों से अपडेट रहने के लिए परिसंघ के फेसबुक www.facebook.com/aiparisangh पेज को लाइक करें, ट्वीटर @aiparisangh को फॉलो करें और www.vobnews 24.com भी देखें।

डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय चेयरमैन

महारैली की तैयारी बैठक 5 नवंबर को दिल्ली में

5 नवबंर, 2017 को प्रातः 10 बजे स्पीकर हॉल, कांस्टीट्यूशन क्लब, नजदीक पटेल चौक मेट्रो, नई दिल्ली में आगामी महा रैली के संबंध में तैयारी बैठक आयोजित की जा रही है । सभी प्रदेशों के अध्यक्षों, महासचिवों एवं सक्रिय कार्यकर्त्ताओं को इसमें आमंत्रित किया जाता हैं। आपसे आग्रह है कि 4 दिसंबर, 2017 की रैली से संबधित तैयारी की सूचना के साथ अवश्य आयें। VOB New 24 के स्टिंगर/पत्रकार भी आयें ताकि उनका विधिवत प्रशिक्षण किया जा सके। VOB New 24 चैनल से सम्बंधित यदि कोई जानकारी चाहते हैं तों भारत लाल जी मों.7390054024 संपर्क करें।

सावधान : सिंदूर तो सुहागन की बुद्धि ही खत्म कर रहा है

लाइव सिटीज डेस्क : शादी में सबसे खास रस्म क्या है ? वो कौन सा क्षण है जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे होते हैं। यह एक विवाह विधि की ऐसी प्रक्रिया है जिसके बिना शादी ही अधूरी है। यह रस्म सिंदूरदान है। हां एक चुटकी सिंदूर..

उस रस्म के बाद सुहागन का वरदान और जब तक सुहाग है सिंदूर उसका गवाह बना रहता है। यह एक स्त्री को पहचान देता है कि आप शादी शुदा हो। लेकिन सिंदूर क्यों लगाना जरूरी है इनकी जरूरत क्या है इस बात पर बिना सोचे विचारे महिलाएं परंपरा की दुहाई, पति की लंबी उम्र आदि को मान कर लगाये जाती हैं। लेकिन सिंदूर कितना खतरनाक है यह बातें सभी महिलाएं दरकिनार ही कर देती हैं।

ये कहना गलत नहीं होगा कि यहां औरतों के लिए जीवन के हर महत्वपूर्ण कार्यों से बढ़कर जरूरी उसका सिंदूर और तमाम शादी की निशानियां लगाना है। अगर कोई लड़की तार्किक रूप से इसके धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं को नकार भी दे तो उसके लिए वैज्ञानिक कारण भी बता दिए जाते हैं। जबकि कई बार रिसर्च की हुई खबरें सामने आती हैं कि सिंदूर से एलर्जी की शिकायत हो सकती हैं। लेकिन अब एक रिपोर्ट की माने तो सिंदूर लगाने से महिलाओं का आईक्यू स्तर घटने का खतरा भी होता है।

अमेरिका की रूजर्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने भारत और अमेरिका के अलग-अलग जगहों से सिंदूर के सैम्पल इकट्ठा कर एक रिसर्च किया है। इस रिसर्च में पाया गया है अमेरिका के 83 फीसदी और भारत के 78 फीसदी नमूनों में प्रति ग्राम सिंदूर में लेड की मात्रा 1 ग्राम पाई गई, जो सामान्य स्तर से ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के फूड एवं ड्रग्स विभाग ने कॉसमेटिक्स में प्रति एक ग्राम 20 माइक्रोग्राम लेड के इस्तेमाल की इजाजत दी है। लेकिन जो सैंपल लिए गए हैं उनमें से अमेरिका से लिए गए 19 फीसदी और भारत से लिए गए 43 फीसदी सैंपल में मात्रा इससे अधिक थी। अमेरिका से लिए गए 3 और भारत से लिए गए 2 सैंपल में तो लेड की मात्रा प्रति 1 ग्राम 10,000 माइक्रोग्राम से भी ज्यादा थी। संस्था ने कहा है कि लेड का कोई भी सेफ लेवल नहीं है, यह किसी भी तरह से हमारे शरीर में नहीं होना चाहिए, खासकर 6 साल की उम्र से नीचे के बच्चों के लिए ये ज्यादा हानिकारक है। अगर कोई ऐसा प्रोडक्ट है जिसमें लेड हो तो वह सेहत के लिए खतरा हो सकता है। लेड की यह मात्रा औरतों और मां के संपर्क में आ रहे बच्चों के शारीरिक और मानसिक परेशानियों का कारण बन सकती है। सिर्फ भारत नहीं देश भर में ऐसी कई मान्यताएं चली आ रही हैं जो औरतों के लिए खतरनाक साबित हो रही हैं। औरतों के पीरियड के दौरान उन पर थोपी जाने वाली वर्जनाएं भी इसी मानसिकता का हिस्सा हैं। इसका एक बड़ा उदाहरण नेपाल में सालों से चल रही चौपदी प्रथा थी जिसपर अभी कुछ ही दिन पहले रोक लगाई गई है। इन सारी रिपोर्ट और रिसर्च को देखते हुए भी अगर आप किसी महिला के सिंदूर लगाने का विरोध करें तो फिर समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हो जाएंगी। औरत पर मानसिक और शारीरिक रूप से खतरा हो तब ठीक है लेकिन धार्मिक और सांस्कृतिक रूढ़ियों पर किसी तरह का खतरा नहीं होना चाहिए।

सिंदूर का रासायनिक संरचना (Chemical composition) :- सिंथेटिक डाई इंडस्टरी कम दाम वाला डाई का इस्तेमाल करके सिंदूर बनाते हैं जो साधारणतः सभी जगह पाये जाते हैं, जिनमें-

सिंगरिफ (cinnabar) पावडर के रूप में होता है जो साधारणतः नारंगी लाल रंग का होता है। रासायनिक डाई और दूसरे सिन्थेटिक तत्व होते हैं

लाल कच्चा सीसा (crude red lead) : पावडर के रूप में होता है, पीबी304 रोडामाइन बी डाई मर्क्यरी सल्फाइट आदि तत्व होते हैं कुछ अनब्रैंडेड लाल रंग के पावडर मिलते हैं जिनके दाम दूसरे सिंदूर के तुलना में कम होते हैं। क्योंकि उत्पादक सिंदूर को सस्ता बनाने के लिए उसमें विषाक्त पदार्थ डालते है जो सिंदूर के रंग को और भी लाल बनाने में सहायता करते हैं। ऐसे सिंदूर नारियों को बहुत आकर्षक लगते हैं और वे इन्हें खरीदने के समय इसमें इस्तेमाल किए गए सामग्रियों को देखते भी नहीं हैं। स्कैल्प और चेहरे के त्वचा पर रैशेज, खुजली, बालों का झड़ना आदि समस्याएं तो होती ही हैं साथ ही महिलाओं का आई क्यू लेवल भी घटता है। बच्चों में मर्क्यरी सल्फाइट के कारण त्वचा कैंसर हो सकता है।

रोडेमाइन बी डाई के कारण (Rhodamine B dye) वंशानुगत विकार (hereditary disorder) हो सकता है खुजली और रूसी की समस्या हो सकती है अगर गलती से खाने में चला गया तो खाना विषाक्त हो सकता है, अगर श्वास-प्रश्वास के साथ चला गया तो मस्तिष्क, किडनी, आँखों और प्रजनन प्रणाली को क्षति पहुँच सकता है। लेड नफ्रापथी (lead nephropathy) हो सकता है

सिंदूर के पार्श्व प्रभाव से कैसे बच सकते हैं :- प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं जैसे हल्दी और फिटकरी का इस्तेमाल करके सिंदूर बना सकते हैं। बाजार के सस्ते सिंदूर रूपी पावडर का इस्तेमाल करने से बचे विकल्प के रूप में लाल लिपस्टिक या लाल लाइनर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

विशेष अवसर पर ही सिंदूर लगा सकते हैं

- हर्बल सिंदूर लगा सकते हैं
- कैंसरकारी उत्पादकों से बचें
- नहाने के वक्त गलती से भी सिंदूर मुँह में न चला जाय, इस बात का ध्यान रखें
- सोने से पहले सिंदूर को मेकअप साफ करके ही सोना चाहिए
- बच्चों से बचा कर रखना चाहिए
- माँग में कम-से-कम मात्रा में सिंदूर लगाना चाहिए
- सिंदूर लगाने के बाद हाथ धो लेना चाहिए
- अच्छे ब्रैंड का सिंदूर खरीदना चाहिए जिसमें लेड न हो और खरीदने से पहले सामग्री की सूची जरूर देख लें।

घर पर ही शुद्ध सिंदूर बना सकते हैं-

घर पर आप सिंदूर आसानी से बना सकते हैं, जिसके लिए -

हल्दी

- चूना (slaked lime)
- पानी
- समान मात्रा में एक साथ मिलायें और उसमें जरूरत के अनुसार पानी डालकर पेस्ट बना लें
- पेस्ट को छोटे गोले का रूप दें और धूप में सूखने के लिए छोड़ दें
- सूखने के बाद गोले को पीसकर सिंदूर बना लें

हवाबंद जार में संरक्षित करके रख दें वैश्विक स्तर पर निवारक उपायों पर ध्यान दिया जा रहा है-

कॉज्मेटिक इंडस्ट्री में लेड के हानिकारक तत्वों को कम-से-कम मात्रा में इस्तेमाल करने की कोशिश करनी चाहिए। भारतीय मानक ब्यूरो के नियम को पालन करके ही इको चिह्नित उत्पादकों को बनाने की कोशिश करनी चाहिए। कई देशों में जिन कॉज्मेटिक चीजों में लेड है उनके उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसलिए स्थानीय बाजार में खुले में सिंदूर पावडर के विक्रय पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। और सिंदूर के पार्श्व प्रभाव से बचने के लिए सिंदूर का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करना सबसे बुद्धिमानी का काम होता है।

http://livecities.in/harmful-sindoor-sindoor-used-in-hindu-ceremonies-could-have-unsafe-lead-levels-harmful-for-women-iq-level-research/

परंपरा के नाम पर मंदिर में लड़कियों को रखा जाता है अर्द्धनग्न, 15 दिनों तक रहना पड़ता है पुजारी की देखरेख में

तमिलनाडु के मदूरै में परंपरा के नाम पर शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां सात लड़कियों को करीब 15 दिनों तक मंदिर के पुजारी के साथ अर्द्धनग्न (टॉपलेस) रखा गया। जब प्रशासन के सामने ये मामला आया कि सात लड़कियों को परंपरा के नाम पर मंदिर में अर्द्धनग्न रखा गया है तो कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी लड़कियों को पूरा शरीर ढंकने के निर्देश दिए। और साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की, कि इस दौरान उनके साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार तो नहीं हुआ है।

मदुरै के मंदिर के अंदर सातों लड़कियों को पिछले 15 दिनों से अर्द्धनग्न अवस्था में मंदिर में रखा गया था। जहां उन्हें देवी की तरह सजाया गया था। उनके शरीर के ऊपरी हिस्से पर एक भी कपड़ा नहीं था, सिर्फ गहने पहनाए गए थे, और मेकअप किया गया था। इस दौरान उनके साथ मंदिर में सिर्फ पुजारी रहता था जो उनकी देखभाल कर रहा था। मदुरै के कलेक्टर के. वीरा राघव राव ने बताया कि यह काफी पुरानी परंपरा है। घर वाले स्वयं ही अपनी लड़कियों को मंदिर में भेजते हैं। हालांकि प्रशासन ने कपड़े पहनने के निर्देश जारी कर दिए है, और छानबीन करने के आदेश दिए हैं कि इस दौरान उनके साथ किसी भी तरह की छेड़खानी या दुर्व्यवहार तो नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों की एक टीम मौके पर जांच-पड़ताल के लिए गई थी, लेकिन मंदिर में बच्चों के साथ किसी प्रकार के दुर्व्यवहार की बात सामने नहीं आई। कलेक्टर ने इस दौरान लोगों को निर्देश दिए हैं कि लड़कियों के शरीर परंपरा के दौरान पूरी तरह से ढंके हों।

इस इलाके में 60 से अधिक गांव इस परंपरा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं, जिसमें किशोरियां देवी जैसी पूजी जाती हैं। हैरानी इस बात पर है कि लड़कियों के परिवार वाले खुद अपनी बेटियों को परंपरा के नाम पर बिना कपड़ों में रहने की इजाजत दे देते हैं। और परंपरा और आस्था के नाम पर मासूम बेटियों को 15 दिनों तक अर्द्धनग्न अवस्था में पुजारी के साथ मंदिर में रहने देते हैं।

http://padtal.com/news/news_detail/Girls-were-forced-to-bare-chest-in-madurai-temple

नये शोध ने साबित किया, आर्य बाहर से आए थे

दयानंद द्विवेदी

नये डीएनए साक्ष्य भारतीय इतिहास के सबसे विवादित प्रश्न का समाधान कर रहे हैं। और आपको जानकर आश्चर्य होगा कि जवाब कितना प्रामाणिक है। लिख रहे हैं टोनी जोसेफ

एक पेचींदा मामला, जिस पर भारतीय इतिहास में सबसे ज्यादा बहस हुई है, अपना जवाब धीरे-धीरे लेकिन प्रामाणिक रूप से हासिल कर रहा है। क्या भारतीय-यूरोपीय भाषा बोलने वाले, जिन्होंने खुद को आर्य कहा, भारत में लगभग 2000 ई.पू. -1500 ई.पू. आये थे, जबकि सिंधु घाटी सभ्यता समाप्त हो गयी थी, और अपने साथ संस्कृत भाषा तथा एक खास तरह की सांस्कृतिक परम्परा लेकर आये थे? आनुवांशिक अनुसंधान के आधार पर नये डीएनए साक्ष्य दुनिया भर के वैज्ञानिकों को स्पष्ट रूप से एक जवाब की ओर इशारा कर रहे हैंः हां, उन्होंने ऐसा किया।

बहुतों के लिए यह एक आश्चर्य हो सकता है, कुछ के लिए यह एक सदमा हो सकता है, क्योंकि हाल के वर्षों में प्रमुख आख्यान यह रहा है कि आनुवंशिकीय अनुसंधान ने आर्यों के देशांतर गमन के सिद्धांत को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया है। यह व्याख्या एक अतिरंजना की कोशिश थी क्योंकि जो भी इन वैज्ञानिक शोध पत्रों को मूल में पढ़ा है, वह जानता है। लेकिन वाई-गुणसूत्रों (या ऐसे गुण सूत्र जो कि पुरुष पैतृक वंश, पिता से पुत्र, के माध्यम से हस्तांतरित होते हैं) पर आई नये आंकड़ों की बाढ़ ने इस अवधारणा को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया है।

वंश अवरोहण का क्रम

अभी हाल तक, केवल एमटी डीएनए (या मातृ वंश डीएनए, जो कि मां से पुत्री की ओर हस्तांतरित होता है) पर आंकड़े उपलब्ध थे जो कि इस तरफ इशारा करते थे कि पिछले 12,500 वर्षों से या लगभग इसी प्रकार के समय से भारतीय जीन पूल में बहुत ही कम बाहरी सम्मिश्रण हुआ है। नये वाई-गुणसूत्र के आंकड़े ने इस बात के पक्के सबूत दिये हैं कि विवादित अवधि के दौरान भारतीय पुरुष वंशावली में बाहरी जीन का सम्मिश्रण हुआ है, जिससे पहले का निष्कर्ष उलट गया है।

यदि हम पीछे मुड़कर एक नजर डालें तो हम पायेंगे कि एमटी डीएनए तथा वाई-डीएनए में यह अंतर एकदम वाजिब है। कांस्य युग के विस्थापन में लिंग पक्षपात मजबूती के साथ मौजूद था। दूसरे शब्दों में यदि हम कहें कि जिन्होंने विस्थापन किया वे प्रमुख रूप से पुरुष थे और इसलिए जो जीन हस्तांतरित हुए, वे एमटी डीएनए में दिखाई नहीं पड़ते हैं। इसके विपरीत, ये वाई-डीएनए के आंकड़ों में दिखाई पड़ते हैंः विशेष रूप से, लगभग 17.5 प्रतिशत भारतीय पुरुष वंशावली को हैप्लो ग्रुप आर 1 ए (हैपलो ग्रुप्स वंश अवरोहण के एकरेखीय क्रम को बताते हैं) से संबंधित पाये गये हैं जो कि आज मध्य एशिया, यूरोप तथा दक्षिण एशिया में फैले हुए हैं। पोंटिक-कैस्पियाई स्टेपी एक ऐसा क्षेत्र था जहां से आर 1ए पश्चिम एवं पूर्व दोनों ओर फैला जिसमें कि बाद में दो उप शाखाएं बनीं।

वह शोध पत्र जो कि अभी हाल के सारे खोजों को भारत में विस्थापन के एक सुव्यवस्थित तथा ठोस इतिहास के रूप में रखता है, का प्रकाशन एक अग्रणी जर्नल 'बीएमसी इवोल्यूशन रीबायोलॉजी' में महज तीन माह पूर्व हुआ था। उस शोध पत्र में, जिसका शीर्षक था ''एजिनेटिक क्रोनोलॉजी फॉर द इंडियन सबकंटिनेंट प्वाइंट्स टू हेवी इलीसेक्स-बॉयस्ड डिस्पर्सल्स'', प्रो. मार्टिन पी.रिचर्ड्स, हडर्स फील्ड विश्वविद्यालय, यूके के नेतृत्व में 16 वैज्ञानिकों की एक टीम ने यह निष्कर्ष निकाला कि ''कांस्य-युग में मध्य एशिया से आनुवंशिकीय अंतः प्रवाह प्रमुख तौर पर पुरुष आधारित था, जो कि पितृ सत्तात्मक सामाजिक ढांचे के संगत था जैसा कि पहले का भारतीय-यूरोपीय समाज चरवाहे का काम प्रमुख तौर पर करता था। यह भारतीय-यूरोपीय विस्तार की व्यापक प्रक्रिया का हिस्सा था, जिसका बुनियादी स्रोत पोंटिक-कैस्पियाई क्षेत्र था तथा जिसने वाई-गुणसूत्र वंशावली को सबसे निकट से यूरेशिया (यूरोप-एशिया) में 5000 तथा 3,500 वर्ष पूर्व आगे बढ़ाया''।

एक ई-मेल के जवाब में, प्रो.रिचर्ड्स ने कहा कि भारत में आर 1ए की प्रमुखता ''बहुत सुदृढ़ साक्ष्य हैं कि मध्य एशिया से पर्याप्त मात्रा में कांस्य-कालीन विस्थापन हुआ जो कि भारतीय-यूरोपीय भाषियों को भारत में लाया। प्रो.रिचर्ड्स तथा उनकी टीम का यह शक्तिशाली निष्कर्ष, पूरी दुनिया भर में आनुवंशिकी वैज्ञानिकों के कार्यों के माध्यम से अभी हाल के वर्षों में उपलब्ध नये आंकड़ों तथा निष्कर्षों के विस्तृत खजाने तथा उनके अपने स्वतंत्र अनुसंधान का नतीजा है। पीटर अंडरहिल, स्टैंडफोर्ड यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में आनुवंशिकी विभाग में वैज्ञानिक, इस कार्य को करने वालों में से एक थे। तीन साल पहले, 32 वैज्ञानिकों की एक टीम का उन्होंने नेतृत्व किया तथा आर 1ए के वितरण तथा वंशावली के चित्रण का एक व्यापक अध्ययन प्रकाशित किया था। इसने पूरे यूरेशिया से 126 जनसमुदायों से 16,244 पुरुष व्यक्तियों के एक पैनल का उपयोग किया। डॉ. अंडरहिल के अनुसंधान ने यह पाया कि आर 1ए के दो सब-हैप्लोग्रुप्स हैं जिसमें कि एक प्रमुख तौर पर यूरोप में पाया जाता है तथा दूसरा मध्य तथा दक्षिण एशिया में परिसीमित था। यूरोप में आर 1ए नमूनों के छियानबे प्रतिशत नमूने सब-हैपलोग्रुप्स जेड 282 से संबंधित हैं जबकि मध्य तथा दक्षिण एशिया आर 1ए वंशावली का 98.4 प्रतिशत नमूने सब-हैपलोग्रुप्स जेड 93 से संबंधित है। ये दोनों ग्रुप्स सिर्फ 5,800 वर्ष पूर्व जाकर ही एक दूसरे से पृथक होकर अलग-अलग दिशाओं में गये। डॉ. अंडरहिल के अनुसंधान ने जेड 93 के अंदर यह दर्शाया है कि यह भारत में प्रमुख तौर पर था, आगे यह फिर कई शाखाओं में विभाजित हो गया। शोध पत्र में यह पाया गया है कि यह ''तारों सदृश प्रशाखन'' त्वरित विकास तथा छितराव का निर्देशन था। इसलिए, यदि आप वह अनुमानित समय जानना चाहते हैं जब भारतीय-यूरोपीय भाषा बोलने आये और भारत में तेजी से फैल गये, तो आपको उस तारीख की खोज करनी पड़ेगी जब जेड 93 अपने विभिन्न उप-समूहों या वंशावली में विभाजित हुआ। हम इसकी चर्चा बाद में करेंगे।

इसलिए, यदि हम संक्षेप में कहें तो आर 1ए पूरे यूरोप, मध्य एशिया तथा दक्षिण एशिया में फैला हुआ है, इसका उप-समूह जेड 282 केवल यूरोप में फैला है जबकि इसका दूसरा उप-समूह जेड 93 केवल मध्य एशिया तथा दक्षिण एशिया के हिस्सों में ही फैला है तथा जेड 93 के तीन प्रमुख उप-समूह केवल में भारत, पाकिस्तान तथा हिमालय के क्षेत्रों में प्रसारित हैं। आर 1ए के वितरण की इस स्पष्ट स्वीकार ने पहले की परिकल्पना पर पूर्णरूप से विराम लगा दिया है कि इस हैपलो ग्रुप का उद्गम स्थल भारत है तथा बाद में यह बाहर फैला। यह परिकल्पना एक गलत अनुमान पर आधारित थी कि भारत में आर1 वंशावली में अन्य क्षेत्रों की तुलना में काफी विविधता थी जो कि इस बात का संकेत हो सकती थी कि इसका उद्गम स्थल यहां है। जैसा कि प्रो. रिचर्ड्स कहते हैं कि ''यह विचार कि आर1ए भारत में बहुत विविधतापूर्ण है, जो कि बड़े पैमाने पर अस्पष्ट माइक्रो सेटलाइट डेटा पर आधारित था, नये आनुवंशिक वाई गुण सूत्रों के आंकड़ों के बड़े पैमाने पर आने के बाद समाप्त हो गया है''।

जीन-विस्थापन की तारीख का निर्धारण :

अब हमें यह मालूम है कि कांस्य-युग में मध्य एशिया से भारत में पर्याप्त मात्रा में जीन का आगमन हुआ था, क्या हम समय को बेहतर तरीके से निर्धारित कर सकते हैं, विशेष रूप से जबकि जेड 93 का इसकी अपनी उप-वंशावलियों में विभाजन हुआ? हां, हम ऐसा कर सकते हैं। शोध पत्र यह दर्शाते हैं कि इस सवाल का जवाब अभी पिछले वर्ष अप्रैल 2016 में प्रकाशित हुआ था जिसका शीर्षक था ''1,244 विश्वव्यापी वाई-गुण सूत्रों के अनुक्रम से निष्कर्षित मानव पुरुष जनसांख्यिकी में निर्धारक तथ्य (पंक्चुएटेड ब्रस्ट्स इन ह्युमन मेल डेमोग्राफी इनफर्ड फ्राम 1,244 वर्ल्ड वाइड वाई-क्रोमोजोम्स सीक्वेंसेज)''। इस शोधपत्र, जो कि पांच महाद्वीप जनसंख्या के अंदर वाई-डीएनए हैप्लोग्रुप्स के प्रमुख विस्तार पर विचार करता है, को डा. अंडरहिल के साथ डेविड पोजनिक, स्टैंडफोर्ड यूनिवर्सिटी, जो कि 42 सह-लेखकों में से हैं, द्वारा प्रमुख रूप से लिखा गया है। इस अध्ययन में यह पाया गया है कि जेड 93 के अंदर सबसे महत्वपूर्ण विस्तार लगभग 4,000 से 4,500 वर्ष पूर्व हुआ। यह उल्लेखनीय है क्योंकि मोटे तौर पर लगभग 4,000 वर्ष वह समय था पहले सिंधु घाटी सभ्यता के पतन की शुरुआत हो गयी थी। (अभी तक पुरातत्वीय या किसी अन्य प्रकार से इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि एक के पतन से दूसरी सभ्यता की शुरुआत हुई, बहुत संभव है कि एक समय में ही हुई हो)।

बड़ी तादाद में आये नये आंकड़े इतने जबर्दस्त हैं कि कई वैज्ञानिकों, जो कि कांस्य युग के विस्थापन के बारे में संदेहास्पद या तटस्थ थे, ने अपने विचार बदल लिये हैं। डॉ. अंडरहिल स्वयं उसमें से एक है। उदाहरणार्थ, वर्ष 2010 के एक शोधपत्र में, उन्होंने लिखा है कि पूर्व में पिछली पांच या छह सहस्राब्दी में ''पूर्वी यूरोप से एशिया-भारत सहित की ओर पर्याप्त पुरुष वंशावली के जीन के प्रवाह ''के विरुद्ध साक्ष्य थे। लेकिन आज डॉ. अंडरहिल कहते हैं कि वर्ष 2010 के आंकड़ों तथा अब के उपलब्ध आंकड़ों में कोई तुलना ही नहीं है। '' उस समय के आंकड़े इस तरह से थे जैसे कि एक अंधेरे कमरे में हाथ में एक टार्च लेकर एक होल से देखा जाय, आप केवल एक कोना देख सकते हैं लेकिन पूरा कमरा आपको नहीं दिखायी पड़ सकता है, सम्पूर्ण जीन को हम एक अनुक्रम में बांध कर हम एक बेहतर प्रकाश में अब लगभग पूरा कमरा देखने में सक्षम हैं''। डॉ. अंडरहिल ही केवल ऐसे नहीं हैं जिनके पुराने काम को कांस्य-युग में भारतीय-यूरोपीय भाषा बोलने वालों के भारत में प्रव्रजन के विरुद्ध प्रयुक्त किया गया है। डेविड रिच, आनुवंशिकी वैज्ञानिक, जो कि हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में आनुवंशिकी विभाग में प्रोफेसर हैं, ऐसे दूसरे व्यक्ति हैं, हालांकि, अपने पुराने शोधपत्रों में उन्होंने बहुत सावधानी बरती है। इसका सर्वोत्तम उदाहरण 2009 में प्रकाशित एक अध्ययन हैं जिसके प्रमुख लेखक डेविड रिच हैं, अध्ययन का शीर्षक है ''रीकंस्ट्रक्टिंग इंडियन पॉपुलेशन हिस्ट्री'' जो 'नेचर' में प्रकाशित हुआ। इस अध्ययन ने भारतीय जनसमुदाय के आनुवंशिकीय उप संरचना की खोज के लिए सैद्धांतिक रचना 'एन्सेस्ट्रल नॉर्थ इंडियंस'(एएनआई) तथा 'एनसेस्ट्रल साउथ इंडियन्स' (एएसआई) का प्रयोग किया। अध्ययन ने प्रमाणित किया कि एएनआई आनुवंशिकीय रूप से मध्य-पूर्व, मध्य एशिया के लोगों तथा यूरोपियन से घनिष्ठ रूप से संबंधित है जबकि एएसआई केवल भारत में ही विशिष्ट रूप से पाये जाते थे। अध्ययन ने यह भी प्रमाणित किया है कि अनुमान लगाया जा सकता है कि आज भारत में कई समूह इन दो जन समुदायों का एक सम्मिश्रण हैं, जिसमें कि एएनआई वंशावली परम्परागत रूप से ऊंची जाति है तथा भारतीय-यूरोपीय भाषा बोलने वाले हैं। यह अध्ययन स्वयं में भारतीय-यूरोपीय भाषियों के यहां पहुंचने को अस्वीकार नहीं करता है, यदि कोई बात जो यह बताता है तो यह उसके विपरीत एएनआई का मध्य एशिया से आनुवंशिकीय श्रृंखलात्मक जुड़ाव है।

हालांकि, इस सैद्धांतिक ढांचें को तर्क से परे जाकर समझा गया और यह दलील दी गयी कि ये दोनों समूह भारत में सहस्राब्दियों पहले आये थे, उस समय से बहुत पूर्व जबकि भारतीय-यूरोपीय भाषियों का प्रव्रजन हुआ जो कि लगभग 4000 से 3500 वर्ष पूर्व हुआ। असल में, अध्ययन ने एक बड़ी चेतावनी शामिल किया है जो कि इसके विपरीत बात कहती है। ''हम चेतावनी देते हैं कि जन समुदाय आनुवंशिकी में 'मॉडल्स को चेतावनी के साथ लिया जाना चाहिए। जबकि वे ऐतिहासिक परिकल्पना के परीक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा उपलब्ध कराते हैं, वे अतिसरलीकरण हैं। उदाहरणार्थ, वंशावली जन समुदाय (ऐनसेस्ट्रल पॉपुलेशन) वास्तविकता में संभवतः सजातीय नहीं थे जैसा कि हम अपने मॉडल में मानते हैं बल्कि इसके स्थान पर इस बात की संभावना है कि वे विभिन्न काल खंड में सम्मिश्रित होने वाले संबंधित समूहों के क्लसटर्स द्वारा सृजित हुये ''। दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि इस बात की संभावना है कि एएनआई बहु-विस्थापन का परिणाम है, संभवतः जिसमें भारतीय-यूरोपीय भाषियों का विस्थापन शामिल है।

http://janchowk.com/ART-CULTUR-SOCIETY/arya-visthapan-research-centralasia-europe/512

***

परिसंघ के VOB News24 चैनल .....

पृष्ठ 1 का शेष

उत्पीड़न पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आज जो VOB NEWS 24(वॉयस ऑफ बुद्धा) न्यूज चैनल का मेरे द्वारा उद्घाटन हुआ है। मुझे आशा और विश्वास है कि पूरे देश में जिस तरह से दलितों पर अत्याचार कुछ तथा कथित मनुवादी संगठन कर रहे हैं उनको पूरी निष्पक्षता से दिखाने का काम करेगा । साथ ही सरकार द्वारा विभिन्न तरह से चाहे आरक्षण का मुद्दा उठाना हो न्याय में देरी, सरकारी योजनाओं का लाभार्थियों को लाभ न मिल पाना, एससी एक्ट के तहत अपराधियों पर कार्रवाई न करना, सोशल मीडिया के जरिए लोगों को जोड़ कर लोगों को जागरूक करना होगा । जिसके तहत पीड़ितों, शोषितों व वंचितों को लाभ मिल सके। हमें पूरा विश्वास है कि VOB NEWS 24 हमारे समाज के मुद्दों को पूरी मजबूती से रखेगा, वही उन्होने कहा अभी तक हमारे समाज के समर्थन में कोई मीडिया चैनल नहीं आया था। आज हम VOB NEWS 24 चैनल का लोकार्पण कर अपने को गौरवांवित महसूस कर रहें हैं।

इस मौके पर परिसंघ के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार कमल ने कहा कि VOB NEWS 24 (वॉयस ऑफ बुद्धा) का जो आज भव्य लोकार्पण हुआ है बहुत ही समाज के लिए गर्व का विषय है। हमें इस चौनल को आगे लेकर जाना है जो सरकार तक हमारी बातों को पूरी मजबूती से रख सके और समाज में हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने में सक्षम हो। इसके लिए हम सभी लोगों को सबसे पहले सोशल मीडिया से जुड़ना होगा तभी हम देश में हो रही गतिविधियों को हकीकत में समय से जान सकते हैं। क्योंकि आज-कल सोशल मीडिया ऐसा प्लेटफार्म है, जहां से हम अपनी बातों को रख सकते हैं। इस लिए हमें VOB NEWS 24 का तन, मन व धन से सहयोग करते हुए सफल बनाए रखना है। श्री कमल ने कहा कि आज सोशल मीडिया का चलन है। देश में हो रहे दलित समाज पर विभिन्न तरह से अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाले परिसंघ के चेयरमैन डॉ. उदित राज जी द्वारा समय-समय पर यूट्यूब और फेसबुक, ट्वीट के जरिए संदेश मिलते हैं, जिन्हें हमें पूरी तरह सक्रिय होकर देखना है। हर रोज ज्वलंत मुद्दों पर परिसंघ के यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर, संदेश देखे व सुने जा सकते हैं, श्री सुशील कमल ने अपील किया कि सभी लोग परिसंघ के चेयरमैन, डॉ. उदित राज जी के संदेशों को लाइक करने के साथ सबसे ज्यादा शेयर करें, तथा सुझाव भी भेजते रहें। आज का समय सोशल मीडिया का है जिससे हमें तेजी से जुड़ना होगा ताकि हम देश में हो रही किसी भी तरह की गतिविधियों, षड्यंत्रों से सावधान रह सकें। इस लिए आप सभी लोग परिसंघ के संदेशों को अवश्य पढ़े और शेयर करें ताकि एस.सी./एस.टी और ओबीसी तथा अल्पसंख्यक समाज के हर कोने तक इसका प्रभाव हो। इस माध्यम से हम अपने स्वाभिमान व सम्मान की रक्षा कर सकते हैं।

परिसंघ के चेयरमैन डॉ. उदित राज जी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आज देश में सबसे ज्यादा एस.सी./एस.टी और ओबीसी के लोगों की संख्या है, ज्यादातर सभी लोग फोन यूज करते हैं सोशल मीडिया से भी जुड़े हैं लेकिन सबसे ज्यादा शर्म की बात तो यह है कि हमारे लोग सोशल मीडिया का प्रयोग बहुत कुछ अपने मित्रों, संबंधियों को हैलो हाय लिखने-पढ़ने के लिए ही करते हैं, जो एक गंभीर विषय हैं। जबकि अन्य समुदाय के लोग आरक्षण को समाप्त करने के लिए दिन रात तमाम तरह के मैसेज एक दूसरे को भेजते हैं, साथ ही सबसे ज्यादा तो मैसेज आडम्बर के होते हैं। रोज नए और झूठे मैसेज ऐसे लोगों द्वारा भेजें जाते हैं, हमारे लोग पढ़ कर कोई जबाव नहीं देते। उन्होंने कहा कि हमारे लोग तर्कहीन बने रहते हैं, क्योंकि परिसंघ जो देश में तमाम तरह के मुद्दे एस.सी./ और ओबीसी अल्पसंख्यकों के हितों के लिए उठा रहा है उसने फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, यूट्यूब पर कोई रिप्लाई नहीं आता इससे साफ पता चलता है कि लोग आज भी गफलत की मानसिकता में जी रहे हैं। हमें जागना होगा कहीं देर न हो जाए कि हम सोते रहें और सब लुट जाए और जब हम देखें और पढ़ें तब तक बहुत देर न हो चुकी हो इन बातों पर डॉ. उदित राज जी ने प्रकाश डाला ।

दूसरे दिन के सम्मेलन में भी तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें नारी सशक्तीकरण, परिसंघ की उपलब्धियां, परिसंघ के प्रमुख मुद्दे, सोशल मीडिया से जुड़ाव,एस.सी./एस.टी. और ओबीसी अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, जातीय भेदभाव, परिसंघ के खिलाफ षड्यंत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, न्याय, नौकरी, रोजगार आदि मुद्दों पर परिसंघ के चेयरमैन डॉ. उदित राज जी के अलावा कई वक्ताओं ने प्रकाश डाला। डॉ. उदित राज ने कहा कि देश का उत्थान तभी संभव है जब महिलाओं की बराबरी की भागीदारी सभी क्षेत्रों में होगी। महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल भाषणबाजी नहीं होनी चाहिए बल्कि सभी को अपने घरों में साक्षात करनी होगी। महिलाएं हमारे समाज में केवल उपभोग की वस्तु नहीं हैं वल्कि हमारे परिवार के विकास की उत्पादन कर्ता हैं। आज देश में महिलाओं की हिस्सेदारी पर पुरुष वर्ग का कब्जा बना हुआ है खास कर राजनीतिक, और व्यापारिक क्षेत्र में हालत तो बद से बदतर हैं। राजनीति के संवैधानिक पदों पर महिलाओं का नाम होता है पर पुरुष वर्ग अपनी सत्ता को जबरन स्थापित करते हैं, इसमें सबसे ज्यादा अधिकारी जिम्मेदार होते हैं जो परिवारिक पुरुष प्रतिनिधित्व स्वीकार करते हैं जो संविधान के मूलरूप और बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के सपनों के खिलाफ हैं। भारत के शिक्षा गुरु महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी माता सवित्रीबाई फुले को शिक्षित किया और प्रेरित करते हुए स्वयं महिलाओं को पढ़ानें के लिए विद्यालय खुलवाया ताकि महिलाएं शिक्षित हो सकें और राष्ट्र के विकास में बराबरी की भागेदारी रहे। इस मौके पर महिलाओं के मसीहा बाबा साहब द्वारा महिलाओं के लिए किए गए बलिदानों को भी याद दिलाया गया। आज देश में महिलाओं के हक व सम्मान की बात कर रहे हैं, ये सब बाबा साहब का सपना है जिसके लिए हम लोग लड़ रहे हैं, ''तब तक लड़ेंगे-जब तक हम कामयाब न हो जाएं।''

सम्मेलन के दूसरे दिन परिसघ के संगठन में भी विस्तार किया गया। जिसमें राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, कर्नाटक, बिहार, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, उड़ीसा, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, केरल, हरियाणा की इकाईयों में परिवर्तन के साथ पुराने पदाधिकारियों को पदोन्नत किया गया ताकि संगठन को विस्तारात्मक और ज्यादा गति मिले। श्री ओम प्रकाश सिंघमार को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। आगामी समय में परिसंघ और मजबूत हो इसके लिए सभी पदाधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए कि सभी लोग आगामी तय बैठक में यह ब्योरा पेश करेंगे कि आपने कितनी बैठकें की साथ ही कितने लोगों को परिसंघ से जोड़ा। जिसके लिए समय-समय पर मानीटरिंग की जाएगी। बैठक में देश भर से आए पदाधिकारियों को परिसंघ की तरफ से एक रजिस्टर दिया गया है जिसमें कार्रवाई भरना है। जिससे यह तय हो सके कि पदाधिकारी ने क्या काम किया इसके साथ परिसंघ को कितनी मजबूती मिली।

चेयरमैन डॉ. उदित राज ने साफ शब्दों में कहा कि बैठकों के नाम पर खानापूर्ति नहीं की जाए बल्कि परिसंघ के मिशन से लोगों को जोड़ा जाए ताकि हम संख्या बल के आधार पर केन्द्र व देश की राज्य सरकारों पर दलितों के मुद्दों पर दबाव बनाया जा सके। परिसंघ का उद्देश्य मुख्यतः षड्यंत्रकारियों द्वारा संविधान में संशोधन कर आरक्षण पर कुठाराघात करना है उसे रोकना है। साथ ही संविधान द्वारा प्रदत्त पूर्ण आरक्षण को लागू करने का है। जो आजादी के बाद से केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा ईमानदारी से कभी लागू नहीं किया गया है। लोग आरक्षण खत्म करने की बात तो करते हैं लेकिन जाति खत्म करने की वकालत कोई नेता या संगठन नहीं करता। हमें आरक्षण के रूप में सरकार भीख नहीं दे रही बल्कि यह हमारा संवैधानिक अधिकार है। लेकिन सरकारें हमारे अधिकार में लगातार कटौती करती आई हैं जिसके फलस्वरूप आज भी हमारा दलित समाज पिछड़ा है। सरकार के नेता लगातार आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं लेकिन कभी भी किसी मंच पर जाति खत्म करने की बात नहीं करते हैं। ये कैसा दोहरा चरित्र है। सरकारी संस्थानों के निजीकरण के पीछे एक और कारण है कि कुछ लोग किसी तरह से कार्यपालिका पर काबिज होना चाहते हैं, ताकि किसी तरह से भारत की आर्थिक व्यवस्था को काबू करके देश में शोषित पीड़ित समाज को फिर से गुलाम बना लें । श्री राज ने इस ओर देश को एस.सी./एस.टी., ओबीसी और अल्पसंख्यकों को गंभीरता से ध्यान देना होगा कि ये लोग भारत में उसी तरह से प्रवेश कर रहे हैं जिस तरह से अंग्रेजों ने व्यापार स्थापित करने के रूप में किया और आर्थिक संपन्नता आनें पर देश की अर्थ व्यवस्था को कब्जे में लेकर देश के लोगों को गुलाम बनाया था। सरकारी संस्थानों के निजीकरण से ये आरक्षण विरोधी लोग भारत की आर्थिक व्यवस्था को कब्जे में लेकर फिर से दलितों, पिछड़ों, शोषितों, अल्पसंख्यकों को गुलाम बनाया जा रहा है जिसका मकसद किसी तरह से देश में अपनी मनुवादी सत्ता बनाए रखना है। लेकिन हम ऐसे षड्यंत्रकारी लोगों को कामयाब नहीं होने देंगें। VOB NEWS 24 (वॉयस ऑफ बुद्धा) न्यूज चैनल के लोकार्पण के मौके पर चैनल हैड भरत लाल जी ने घोषणा की जल्द ही VOB NEWS 24 सैटेलाइट पर आने वाला है जिसकी तैयारी पूरी है। संबंधित विभागीय कार्रवाई जारी है, बहुत ही जल्द भारत के सभी क्षेत्रों में चैनल का प्रसारण किया जाएगा।

अनुसूचित जाति-जन जाति संगठनो का अखिल भारतीय परिसंघ के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन पर परिसंघ के चेयरमैन डॉ. उदित राज, उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार कमल, नीरज चक, बिहार प्रदेश इकाई के अध्यक्ष मदन राम, अमर ज्योती, आनन्द वर्धन, शिवधर पासवान, सदानन्द पासवान, अनुरागी पासवान, कनार्टक से जी. श्रीनिवासन, हिमाचल से सीताराम बंसल, निहाल सिंह निहालता, बंगाल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पी. बाला, सुब्रता बातूल, मनीमोहन बिश्वास, सदन नस्कर, उड़ीसा से दीलिप कुमार बेहेरा, नारायण चरण दास, मध्यप्रदेश से परम हंस प्रसाद, नरेन्द्र चौधरी, गुजरात से मुकेश गोसवी तमीलनाडु से एस. करूपइया डी. रविचन्द्रन, के. रविचन्द्रन, केरल से रमन बाला कृष्णन, के.टी. जॉन्सस, मनीपुर से रेव लंघु हिलेरी, तेलंगाणा से महेश्वर राज, माधव राव, छत्तीसगढ़ से हर्ष मेश्ररराम , महाराष्ट्र इकाई प्रदेश अध्यक्ष सिध्दार्थ भोजने, संजय कांबले बापेकर, महेन्द्र सालवे, अजय मनवर, बालासाहेब कांबले, प्रो. सतीश वागरे, झारखण्ड से मधुसूदन कुमार, एच. सी. भगत, एल. एम. ओराव, प्रदीप सुखदेव, जे एण्ड के से आर. के. कलसोत्रा, बी.एल. भारतवाज, अमरनाथ भगत, रमेश चन्द, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता, राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. शिवकुमार, सत्यावान भाटीया, वजीर सिंह मेहरा पंजाब से तरसेम सिंह घारू, रोहित सोनकर, दिल्ली से, सत्यानारायण, राजस्थान से विश्वराम मीणा, पंचमराम, उत्तराखंड से विजय राज अहिरवार, महावीर सिंह, सविता कादियान पवार (राष्ट्रीय संयोजिका महिला प्रकोष्ठ), अर्चना भोयर (राष्ट्रीय सह संयोजिका महिला प्रकोष्ठ), डॉ. गुंजन, एअर इंडिया की पायलट बाबी, निर्देश कुमारी (मुरादाबाद), ममता (गोंडा), कुसुम लता, सुनीता, रीता सरकार, मीना भारती (जिला पंचायत सदस्य बांदा-यूपी) ने सम्मेलन में शिरकत किया। दिल्ली परिसंघ केन्द्रीय कार्यालय के प्रभारी सुमित कुमार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय राज, खटीक सेना के राष्ट्रीय महासचिव इन्द्रेश चन्द खटीक, सोशल मीडिया इंचार्ज गणेश येरेकर आदि लोग मौजूद रहे । इस मौके पर VOB NEWS 24 (वॉयस ऑफ बुद्धा) न्यूज चैनल के चैनल हेड भरत लाल जी, संजय पाल (रिशर्च इंजीनियर आईटी सेल), प्रदीप शिवहरे (डायरेक्टर), प्रशान्त राव गौतम ''निराला''(चीफ एडिटर), अजीत कुमार कमल(लाइव स्ट्रीमिंग), विवेक सिंह

शेष पृष्ठ 6 पर

मंच पर बैठे डॉ. उदित राज जी बाए आर्चना भोयर एवं दाएं बॉबी पायलट, सी.पी.सोनी, ओमप्रकाश सिंघमार, एवं पिछली पंक्ति में सुशील कमल, डी. हर्षवर्धन, परमेंद्र, बाबू लाल, सत्या नारायण, एम.एस. लाकरा व अन्य

जातीय भेदभाव और विकास का संबंध

डॉ. उदित राज

दलित उत्पीड़न हो या महिलाओं के साथ भेदभाव इसका सीधा संबंध विकास से नहीं है। पिछड़े इलाकों में भी भेदभाव कम हो सकता है और विकसित में ज्यादा। अगर हम घटनाओं के बारे में विश्लेषण करें तो यह बात प्रमाणिकता से कही जा सकती है। हाल में दो घटनाएं गुजरात में हुईं। पहली, गांधी नगर के कालोल तालुका के लिंबोदरा गांव के रहने वाले 24 वर्षीय पीयूष परमार को इंग्लिश स्टाइल में मूंछ रखने पर पीटा गया है। दूसरी, गुजरात के ही आणंद जिले के बदरनिया में एक 21 वर्षीय दलित, जयेश सोलंकी जो गरबा डांस देखने गया था कि पटेल समाज के लोग यह सहन न कर सके और उसे मार-मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। यह सर्वविदित है कि गुजरात विकसित राज्यों में से एक है। प्रश्न यह उठता है कि जो आर्थिक रूप से संपन्न और शिक्षित हैं, वे भी अवसर मिलने पर भेदभाव करने से चूकते नहीं। एक प्रश्न जो सबसे ज्यादा चिंतित करता है कि क्या जिनके साथ में भेदभाव होता है, वही प्रतिरोध करें? क्या ऐसी घटनाएं कमजोर वर्ग को ही प्रभावित करती हैं? क्या इसका संबंध देश के विकास से नहीं है? क्या सरकार द्वारा चलाए गए तमाम अभियान, जैसे – स्वच्छ भारत आदि पर इसका प्रतिकूल असर नहीं पड़ता?

जो मानसिकता इन्हें पिछड़े और दबे के रूप में देखना चाहती है, वही देश को भी आगे नहीं जाने देना चाहती है। यह राष्ट्रीय विषय है न कि केवल सामाजिक न्याय या दबे कुचले जनप्रतिनिधियों का ही। महिलाओं की आबादी लगभग आधी है और जब तक भेदभाव रहेगा तब तक उनकी भागीदारी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक क्षेत्र में कम ही रहेगी। इसका सीधा असर सभी आर्थिक क्षेत्रों में पड़ेगा, चाहे वह कृषि हो या उत्पादन या सेवा इत्यादि। यदि इनकी क्रयशक्ति कम होती है तो वस्तुओं की खरीदारी कम होगी और हमारा उत्पादन क्षेत्र ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्र जैसे सेवा इत्यादि भी प्रभावित होगें।

आजादी के 70 साल हो गए, फिर भी सरकारें नहीं सोच पायीं कि जितना शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, परिवहन, जहाजरानी इत्यादि में सुधार और बदलाव की जरूरत है, उतना ही जातिवादी समाज में। देश की तरक्की जल, थल, वायु, नदी और समुद्र से ही नहीं होती बल्कि नागरिक करते हैं। जापान, कोरिया, आदि देश ऐसे हैं, जहां पर उपजाऊ जमीन नाम-मात्र की है। समतल जमीन भी नहीं है और लगभग 80 प्रतिशत भूमि कंकरीली, पथरीली और पहाड़ी है। 40 साल पहले दक्षिण कोरिया भी विकास के मामले में हमारे ही साथ था, लेकिन आज वह कई गुना आगे निकल गया है। 2016 का अगर कोरिया के साथ जीडीपी की पर कैपिटा की तुलना करें तो उनकी 27,539 डॉलर है तो हमारी 1704 है। जातिवादी मानसिकता के लोग अगर यह भी पढ़ लें तो शायद उनके हृदय में कुछ परिवर्तन हो जाए। इन देशों में क्या मूंछ रखने पर एक नागरिक दूसरे नागरिक को सजा देता है या गरबा देखना जुल्म है? क्या इसे हम कानून-व्यवस्था से जोड़कर देखते रहेंगें?

इन घटनाओं से हमारी पढ़ाई- लिखाई पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाता है। लाखों कॉलेज और स्कूल हैं, हजारों इंजीनियरिंग कॉलेज और सैकड़ों विश्वविद्यालय। सैकड़ों टेलीविजन चैनल और अखबार और उसको चलाने वाले हजारों पत्रकार व बुद्धिजीवी। लाखों शिक्षक, लेखक, चिंतक हैं। हमारे यहां इतना भी कम नहीं है शिक्षा का दायरा और बुद्धिजीवियों की संख्या। मान लिया जाए कि राजनीति फेल हुई है तो बुद्धिजीवी तो और भी असफल रहे हैं। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र छेड़खानी और भेदभाव में दूसरों से कम नहीं हैं तो ये शिक्षक क्या इनकी सही मानसिकता बनाने में सफल हो सके हैं? किसी विषय का ज्ञान देना और छात्र परीक्षा में पास हो जाए इसका यह मतलब नहीं कि वह शिक्षित है। जितने लोग स्कूल और कॉलेज की शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, अगर वही समझ सकते कि अपनी गंदगी को खुद साफ करना है तो अब तक देश बहुत हद तक स्वच्छ हो चुका होता और प्रधानमंत्री को स्वच्छ भारत अभियान चलाने की आवश्यकता न होती।

